# Newsletter Govt. Polytechnic Bhatapara

वर्ष-2 अंक-4 अक्टूबर-दिसम्बर 2023

## संक्षेप में समाचार

- द्वितीय सेमेस्टर के CT एवं TA के परिणाम विश्वविद्यालय में ऑनलाइन दिनांक 3-10-2023 से भरा गया |
- csvtu zone 2 के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता में "रस्सा कस्सी" एवं "रुमाल झपट्टा" में कोलंबिया इंजीनियरिंग कॉलेज, रायपुर में दिनांक 07-10-2023 को संस्था के खेल प्रभारी श्रीमती आम्रपाली बंसोड एवं श्री नितिन कुमार संस्था के 17 छात्रों को लेकर सम्मिलित हुए |
- csvtu zone 2 के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता में दिनांक 13-10-2023 को संस्था में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया |
- csvtu zone 2 के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता में दिनांक 17-10-2023 को संस्था में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया |
- csvtu zone 2 के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता में "एथलेटिक्स" में शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज, रायपुर में दिनांक 30-10-2023 को संस्था के खेल प्रभारी श्रीमती आम्रपाली बंसोड संस्था के 6 छात्रों को लेकर सम्मिलित हुए |
- संस्था में दिनांक 3/11/23 को पॉवर ग्रिड भाटापारा ने वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया |
- TECHFEST csvtu zone 2 के अंतर्गत दिनांक 21/11/23 को संस्था में कार्टूनिंग एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया |
- दिनांक 28/11/23 को संविधान दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया |
- दिनांक 29/11/23 एवं 30/11/23 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दतरेंगी के छात्र-छात्राओं ने संस्था के समस्त विभागों के कार्यशालाओं का भ्रमण किया |
- TECHFEST csvtu zone 2 के अंतर्गत मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता में कोलंबिया फार्मेसी कॉलेज, रायपुर में दिनांक 01-12-2023 को संस्था के खेल प्रभारी श्रीमती आम्रपाली बंसोड एवं डॉ. मोनिका जैन संस्था के 4 छात्राओं को लेकर सम्मिलित हुए |
- दिनांक 2/12/23 को विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष में संस्था की NSS इकाई के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया |
- TECHFEST csvtu zone 2 के अंतर्गत दिनांक 6/12/23 को संस्था में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया |
- संस्था में दिनांक 6/12/23को प्रथम वर्ष के छात्र/छात्राओं हेतु डॉ. लक्ष्मीकान्त कराल, व्याख्याता (अंग्रेजी), शासकीय पॉलिटेनिक महासमुंद के व्दारा Communication विषय पर व्याख्यान का आयोजन|

## इलेक्ट्रिकल विभाग

- दिनांक 6-11-23 को श्री वासुदेव साहू Asst.Engineer Sub Division CSPDCL, Bhatapara द्वारा तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए सबस्टेशन में लगे इंस्ट्रूमेंट्स सम्बन्धी विशेषज्ञ व्याख्यान करवाया गया |
- दिनांक 7-11-23 को 33/11 kv सबस्टेशन देवरी का विजिट इलेक्ट्रिकल पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को कराया गया |
- प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु इलेक्ट्रिकल विभाग के व्याख्याताओं द्वारा तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं हेतु सभी विषयों से सम्बन्धित प्रश्नोत्तरी का आयोजन करवाया गया |
- विभागाध्यक्ष श्रीमती सुनीता तिवारी के मार्गदर्शन में Fire extinguisher का प्रदर्शन अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों हेतु किया गया |
- विभागाध्यक्ष श्रीमती सुनीता तिवारी के द्वारा अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को Artificial respiration की जानकारी देते हुए प्रदर्शन कराया गया|
- अंशकालीन व्याख्याता सुश्री दीक्षा वर्मा द्वारा मेकेनिकल तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को Electronic Instruments से सम्बन्धित प्रस्तुति दी गई|
- विभागाध्यक्ष श्रीमती सुनीता तिवारी एवं विभाग के व्याख्याताओं द्वारा Voltmeter, Ammeter, earth Tester, Megger का परिक्षण किया गया |

## सिविल विभाग

- संस्था में अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी व्दारा सिविल इंजीनियरिंग विभाग के माध्यम से एक दिवसीय कौशल विकास ट्रेनिंग कार्यक्रम सेमिनार हॉल में दिनाँक 27-10-2023 दिन शुक्रवार को आयोजित हुआ, जिसमें भाटापारा क्षेत्र से सिविल निर्माण कॉन्ट्रैक्टर मेसन, सिविल इंजीनियरिंग विभाग स्टाफ एवं स्टूडेंट्स भी सम्मिलित हुए ।
- अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों से कंक्रीट का क्यूब बनवाके स्ट्रेंग्थ टेस्ट करवाया गया |
- Plate load test की सहायता से मिट्टी की bearing capacity test श्री उपेन्द्र कुमार पटेल एवं सुश्री आकांक्षा देशमुख के द्वारा किया गया |
- हिमेंद्र देहरे अंशकालीन व्याख्याता व्दारा रसायन विषय के सीमेंट पर व्याख्यान का आयोजन डॉ. मोनिका जैन ( व्याख्याता रसायन) द्वारा किया गया |

## मेकेनिकल विभाग

- संस्था में दिनांक 8-12-23 को कलिंगा यूनिवर्सिटी रायपुर द्वारा रोबोटिक्स एवं एरोमोड्ल के विषय में सेमिनार आयोजित किया गया गया |
- अंशकालीन व्याख्याता सुश्री दीक्षा वर्मा द्वारा मेकेनिकल तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को Electronic Instruments से सम्बन्धित प्रस्तुति दी गई|
- "Law of Triangle of Force", "law of Parallelogram of Force" के प्रयोग से graphical resultant विद्यार्थियों को ज्ञात करवाया गया |

## नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं हेतु इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन





शासकीय पॉलीटेक्निक, भाटापारा के शैक्षणिक सत्र 2023-24 में नवप्रवेषित छात्र/छात्राओ हेतु इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 03-10-2023 से दिनांक 14-10-2023 तक किया गया। Induction program के प्रथम सत्र मे समस्त छात्रों द्वारा अपना परिचय देते हुए अपनी-अपनी अभिरुचियों एवं उपलब्धियों से सभी को अवगत कराया गया। प्रथम दिवस के द्वितीय सत्र में संस्था के समस्त शिक्षकों द्वारा परिचय देते हुए अपने विभागो एवं प्रभार से संबंधित जानकारी व्यक्त किया गया। इलेक्ट्रिकल विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती सुनिता तिवारी द्वारा छात्रों को अपने लक्ष्य के प्रति जागरुक एवं जीवन को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया गया । कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य डॉ. आई. सी. भारती जी द्वारा उद्बोधन में समस्त छात्र/छात्राओ का संस्था परिवार में स्वागत के साथ-साथ अनुशासन, मेहनत एवं अध्ययन के प्रति लग्न से अपना भविष्य निर्माण करने को कहा । अंतिम में प्राचार्य महोदय के द्वारा समस्त अधिकारी/कर्मचारी एवं छात्र/छात्राओ को शुभकामनाये दी गई। कार्यक्रम का संचालन संस्था की शैक्षणिक प्रभारी डॉ. मोनिका जैन द्वारा किया गया।

## छात्रवृत्ति संबंधी सेमिनार -

दिनांक 03-10-2023 को सिविल विभाग की व्याख्याता सुश्री आकांक्षा देशमुख ( छात्रवृत्ति प्रभारी) व्दारा नवप्रवेषित छात्र/छात्राओं को छ.ग.शासन, संचालनालय तकनीकी शिक्षा रायपुर, AICTE व्दारा प्रदत्त विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओ से अवगत कराया गया| इसके तहत् रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, फॉर्म भरने इत्यादि की प्रक्रिया की जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी गई, ताकि एक भी योग्य छात्र छात्रवृत्ति से वंचित न हो जाये।





## परीक्षा पद्यति संबंधी सेमिनार -

संस्था में दिनांक 04-10-2023 को नवप्रवेषित छात्रों को csvtu के परीक्षा पद्यति से अवगत कराया गया | संस्था के परीक्षा प्रभारी श्री नितिन कुमार द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित सेमेस्टर परीक्षा से जुड़े बिंदु जैसे नामांकन, CT-TA, आवश्यक दस्तावेजों के बारे में बताया गया |





## चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन -

संस्था के NSS इकाई के द्वारा दिनांक 06-10-2023 को "स्वछता ही सेवा कार्यक्रम" के अंतर्गत पेंटिग प्रतियोगिता के माध्यम से स्वछता के प्रति जागरूपता फ़ैलाने का प्रयास किया गया | जिसमे निम्नलिखित छात्रों ने भाग लिया | दुर्गेश सिंह (मैकेनिकल), अभिषेक वर्मा (मैकेनिकल), गौरव वर्मा (मैकेनिकल), करन वर्मा (मैकेनिकल), प्रमोद कुमार मनहरे (मैकेनिकल), याशु वर्मा (इलेक्ट्रिकल) उक्त प्रतियोगिता में दुर्गेश सिंह (मैकेनिकल) एवं गौरव वर्मा (मैकेनिकल) को प्रथम एवं द्वितीय पुरुस्कार प्राप्त हुआ |



## खेलकूद का आयोजन –

संस्था में दिनांक 06-10-2023 से दिनांक 11-10-2023 को नवप्रवेषित छात्र-छात्राओं हेतु विभिन्न खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया | इसमें रस्सा कसी, रुमाल झपट्टा, दौड़, गोला फेक, तवा फेक, कबड्डी, ऊँची कूद,लम्बी कूद का आयोजन संस्था के खेल कूद प्रभारी श्रीमती आम्रपाली बंसोड़, श्री नितिन कुमार, श्री सुनील कुमार अनंत, श्री भूपेंद्र कुमार देवांगन एवं श्रीमती ज्योति सेन के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ |





## करियर गाइडेंस संबंधी व्याख्यान -

संस्था के नवप्रवेषित छात्र-छात्राओ को जो सत्र 2023-24 में प्रवेश लिए है उन्हें अंशकालीन व्याख्याता (मैकेनिकल) भूपेंद्र कुमार पटेल के द्वारा दिनांक 14-10-2023 को करियर गाइडेंस दिया गया. जिसमे डिप्लोमा के बाद भविष्य में आने वाली अवसर के बारे में बताया गया. इस अवसर पर सभी छात्र छात्राओ म उत्साह तथा उमंग दिखा. जिसके अंतर्गत CGVYAPAM (JE), CSPDCL(JE) , RRB(JE), SSC(JE). तथा विभिन्न कम्पटीशन एग्जाम के बारे म बताया गया.





## CSVTU जोन-2 के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

csvtu zone 2 के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता में "रस्सा कस्सी" एवं "रुमाल झपट्टा" में कोलंबिया इंजीनियरिंग कॉलेज, रायपुर में दिनांक 07-10-2023 को संस्था के खेल प्रभारी श्रीमती आम्रपाली बंसोड एवं श्री नितिन कुमार संस्था के 17 छात्रों को लेकर सम्मिलित हुए।

"रस्सा कस्सी" में संस्था के छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। संस्था की टीम सेमी- फाइनल में अपनी जगह बनाने में कामयाब रही।





## CSVTU जोन-2 के अंतर्गत शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

csvtu zone 2 के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता में दिनांक 17-10-2023 को भिलाई इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, रायपुर में शतरंज प्रतियोगिता में संस्था के खेलकूद प्रभारी श्रीमती आम्रपाली बंसोड़ संस्था के 4 छात्रों के साथ सम्मिलित हुई।





# CSVTU जोन-2 के अंतर्गत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

csvtu zone 2 के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता में दिनांक 13-10-2023 को संस्था में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन संस्था के खेल कूद प्रभारी श्रीमती आम्रपाली बंसोड़, श्री नितिन कुमार, एवं सभी अधिकारी/कर्मचारी के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ |

इस प्रतियोगिता में zone 2 के 10 संस्थाओ के छात्र –छात्राओ के टीम ने भाग लिया| इस प्रतियोगिता में छात्रों में प्रथम स्थान शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज रायपुर एवं द्वितीय रुंगटा कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी रहे | छात्राओ में प्रथम शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी एवं द्वितीय रुंगटा कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी रहे |









## प्रोजेक्ट प्रदर्शन

संस्था में दिनांक 21/10/23 को समस्त विभागों के अंतिम वर्ष के छात्र -छात्राओ द्वारा प्रोजेक्ट प्रदर्शन का आयोजन किया गया | उक्त आयोजन में संस्था के प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं छात्र –छात्राएं उपस्थित रहे |



## एक दिवसीय कौशल विकास ट्रेनिंग



संस्था में दिनांक 27/10/23 को अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी व्दारा सिविल इंजीनियरिंग विभाग के माध्यम से एक दिवसीय कौशल विकास ट्रेनिंग कार्यक्रम सेमिनार हॉल में आयोजित हुआ, जिसमें भाटापारा क्षेत्र से सिविल निर्माण कांट्रेक्टर, मेसन, सिविल इंजीनियरिंग स्टाफ एवं सिविल विभाग के विद्यार्थी भी सम्मिलित हुए।



## PDIPI related seminar by Power Grid Bhatapara-





संस्था में दिनांक 28/10/23 को सतर्कता सप्ताह का आयोजन किया गया ।जिसने पॉवर ग्रिड कार्पोरेसन भाटापारा द्वारा सेमिनार का आयोजन हुआ पॉवर ग्रिड से आशीष कुमार भौमिक, राधिका मैडम ,ठाकुर दास माँझी, पवन कुमार उपस्थित रहे। छात्र छात्राओं को नुक्कड़ नाटक एवं प्रेज़ेंटेशन के माध्यम से पीडीआइपीआइ की जानकारी दी गयी । साथ ही आगे आने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन संस्था की शैक्षणिक प्रभारी डॉ मोनिका जैन द्वारा किया गया। डॉ मोनिका ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया की ये सभी जानकारी आम नागरिकों को पता होनी चाहिए और इससे हमारे छात्रों को बहुत लाभ होगा। कार्यक्रम में श्रीमती आम्रपाली बंसोड, सुश्री आकांक्षा देशमुख, श्रीमती ज्योति सेन एवं दिव्या जोतवानी उपस्थित रहे। संस्था के प्राचार्य डॉ आइ सी भारती ने सफल कार्यक्रम की बधाई दी।



## csvtu zone 2 के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता

csvtu zone 2 के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता में "एथलेटिक्स" में शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज, रायपुर में दिनांक 30-10-2023 को संस्था के खेल प्रभारी श्रीमती आम्रपाली बंसोड संस्था के 6 छात्रों को लेकर सम्मिलित हुए | उक्त प्रतियोगिता में संस्था के छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा |

| क्र. | विधा का नाम | प्रतिभागी का नाम | ब्रांच/ सेमेस्टर | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 200 मी दौड़ | मांशु | मेकेनिकल $5^{th}$ | प्रथम |
| 2 | 400 मी दौड़ | 1. मांशु<br>2. गोपाल | मेकेनिकल $5^{th}$<br>मेकेनिकल $3^{rd}$ | प्रथम<br>तृतीय |
| 3 | 800 मी दौड़ | 1. मांशु<br>2. धीरू लोधी | मेकेनिकल $5^{th}$<br>मेकेनिकल $1^{st}$ | प्रथम<br>द्वितीय |
| 4 | 1500 मी दौड़ | 1. भोलाराम यादव<br>2. धीरू लोधी | मेकेनिकल $1^{st}$<br>मेकेनिकल $1^{st}$ | प्रथम<br>द्वितीय |
| 5 | 400 मी रिले दौड़ | 1. धीरू लोधी<br>2. भोलाराम यादव<br>3. कुणाल नायक<br>4. मांशु | मेकेनिकल $1^{st}$<br>मेकेनिकल $1^{st}$<br>इलेक्ट्रिकल $1^{st}$<br>मेकेनिकल $5^{th}$ | द्वितीय |
| 6 | लम्बी कूद | कुनाल नायक | इलेक्ट्रिकल $1^{st}$ | द्वितीय |
| 7 | ऊँची कूद | कुनाल नायक | इलेक्ट्रिकल $1^{st}$ | द्वितीय |
| 8 | गोला फेंक | लोकेश कुमार ध्रुव | इलेक्ट्रिकल $3^{rd}$ | तृतीय |










## राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन-

संस्था में दिनांक 31-10-2023 को राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष में शपथ ग्रहण कराया गया | NSS प्रभारी श्री रोशन कुमार कैवर्त ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया | संस्था के प्राचार्य डॉ.आई.सी.भारती ने सभी शिक्षकों एवं छात्र –छात्राओं को एकता की शपथ दिलाई |

उक्त कार्यक्रम में दिनांक 30-10-2023 को आयोजित csvtu zone 2 के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता में "एथलेटिक्स" में विजेता छात्रों को प्राचार्य द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया |









## प्रेरक व्याख्यान




संस्था में दिनांक 02-11-2023 को नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं हेतु श्री अभिषेक देवांगन, व्याख्याता (कंप्यूटर साइंस) के व्दारा व्यक्तित्व विकास विषय पर व्याख्यान दिया गया। जिसमें उन्होंने समस्त छात्र/छात्राओं को बताया के कैसे जीवन के प्रत्येक क्षणों में आपके व्यक्तित्व का, आपके सोच-विचार का स्वयं का भविष्य निर्धारित करने में,सुखी रहने में कितनी महती भूमिका होती है। उन्होंने बताया कि कैसे जीवन के विषम परिस्थितियों में अपने मजबूत व्यक्तित्व के व्दारा शीघ्र ही अनुकूल परिस्थितियों में उसे परिवर्तित किया जा सकता है।

## पॉवर ग्रिड द्वारा वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

संस्था के छात्र छात्राओं के लिए पॉवर ग्रिड भाटापारा द्वारा दिनांक 3-11-23 को वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता का विषय "भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे" आयोजक संस्था द्वारा रखा गया था | पॉवर ग्रिड की ओर से विजेताओं के लिए आकर्षक उपहार एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गयी | कार्यक्रम में निर्णायकों की भूमिका में इलेक्ट्रिकल विभाग के व्याख्याता श्री भूपेंद्र देवांगन एवं विज्ञानं एवं मानविकी विभाग के कंप्यूटर साइंस व्याख्याता श्री अभिषेक देवांगन रहे | कार्यक्रम का आयोजन एवं सञ्चालन डॉ. मोनिका जैन ने किया |





## पेंटिंग एवं कार्टूनिंग प्रतियोगिता आयोजन

संस्था के छात्र छात्राओं के लिए दिनांक 3-11-23 को मेहंदी, रंगोली, पेंटिंग एवं कार्टूनिंग प्रतियोगिता का आयोजन सांस्कृतिक प्रभारी श्रीमती आम्रपाली बंसोड के द्वारा कराया गया |

उक्त प्रतियोगिता में विजेता छात्र- छात्राओं के नाम निम्नांकित हैं-

| क्र . | विधा का नाम | प्रतिभागी का नाम | ब्रांच/ सेमेस्टर | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेहंदी | 1. हर्षा<br>2. लीना सिंह ठाकुर<br>3. करीना | 3rd इलेक्ट्रिकल<br>5th इलेक्ट्रिकल<br>1st सिविल | प्रथम<br>द्वितीय<br>तृतीय |
| 2 | रंगोली | 1. निहारिका<br>2. काजल<br>3. स्वाती | 3rd इलेक्ट्रिकल<br>3rd सिविल<br>1st सिविल | प्रथम<br>द्वितीय<br>तृतीय |
| 3 | पेंटिंग | 1. रितु घृतलहरे<br>2. विनोद महिलांगे<br>3. राहुल सिंगरोल | 3rd सिविल<br>3rd मैकेनिकल<br>5th सिविल | प्रथम<br>द्वितीय<br>तृतीय |
| 4 | कार्टूनिंग | 1. मुकेश साहू<br>2. गिनिश | 3rd इलेक्ट्रिकल<br>3rd इलेक्ट्रिकल | प्रथम<br>द्वितीय |









## मिटटी का परीक्षण

संस्था के पंचम सेमेस्टर सिविल के छात्र छात्राओं को दिनांक 04-11-2023 एवं दिनांक 05-11-2023 को CORE CUTTER METHOD से मिट्टी का Field density test एवं Determination of Liquid Limit विषय प्रभारी श्री हिमेंद्र दहरे ने परीक्षण करवाया |





## विशेषज्ञ व्याख्यान

दिनांक 6-11-23 को श्री वासुदेव साहू Asst.Engineer Sub Division CSPDCL, Bhatapara द्वारा इलेक्ट्रिकल तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए सबस्टेशन में लगे इंस्ट्रूमेंट्स सम्बन्धी जानकारी दी गई | उक्त कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष श्रीमती सुनीता तिवारी, श्री भूपेन्द्र कुमार देवांगन, सुश्री दीक्षा वर्मा , सुश्री इंदु वर्मा , श्री अंकित मेश्राम , श्री प्रशांत गवेल उपस्थित रहे |





## SUBSTATION VISIT

संस्था के पंचम सेमेस्टर इलेक्ट्रिकल के छात्र छात्राओं को देवरी के 33/11 kv सबस्टेशन का विजिट इलेक्ट्रिकल विभाग के व्याख्याता श्री भूपेंद्र कुमार देवांगन, सुश्री दीक्षा वर्मा, सुश्री इंदु वर्मा, श्री प्रशांत गवेल, श्री अंकित मेश्राम द्वारा दिनांक 7-11-2023 को कराया गया |





## संविधान दिवस 2023

संस्था में दिनांक 28/11/23 को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी श्री रोशनलाल कैवर्त द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया | इलेक्ट्रिकल विभागाध्यक्ष श्रीमती सुनीता तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया | उक्त कार्यक्रम में संस्था के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, एवं छात्र-छात्राए उपस्थित रहे |





## मिटटी का परीक्षण

संस्था के पंचम सेमेस्टर सिविल के छात्र छात्राओं को दिनांक 20-11-2023 को मिटटी का Determination of Plastic Limit पर विषय प्रभारी श्री हिमेंद्र दहरे ने परीक्षण करवाया |





## प्रश्नोत्तरी का आयोजन

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु इलेक्ट्रिकल विभाग के व्याख्याताओं द्वारा तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं हेतु सभी विषयों से सम्बन्धित प्रश्नोत्तरी का आयोजन करवाया गया |



## CSVTU जोन-2 के अंतर्गत पेंटिंग एवं कार्टूनिंग प्रतियोगिता का आयोजन

संस्था में दिनांक 21/11/23 TechFest ( CSVTU जोन 2 ) पेंटिग एवं कार्टूनिंग प्रतियोगिता आयोजन समन्वयक डॉ मोनिका जैन एवं श्रीमती आम्रपाली बंसोड के द्वारा आयोजित किया गया | इस प्रतियोगिता में जोन 2 के विभिन्न संस्थाओ के प्रतिभागियों ने भाग लिया | पेंटिग तथा कार्टूनिंग में अपनी अद्भुत कला का प्रदर्शन करते हुए सभी प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया |

जहा पेंटिग में प्रथम स्थान पियूष वर्मा (कोलंबिया कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी ) ने और द्वितीय स्थान नीलिमा वर्मा (कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी) ने अर्जित किया | वही गिरीश देवांगन (कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी) एवं द्वितीय स्थान याशु वर्मा( शासकीय पॉलिटेनिक भाटापारा ) कार्टूनिंग में अर्जित किये |

कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य डॉ आइ सी भारती ने सफल कार्यक्रम की बधाई दी।






## शासकीय उच्त्तर माध्यमिक विद्यालय दतरेंगी द्वारा संस्था भ्रमण

संस्था में दिनांक 29/11/23 को शासकीय उच्त्तर माध्यमिक विद्यालय दतरेंगी के 11वी एवं 12वी के विद्यार्थियों द्वारा संस्था के समस्त कार्यशालाओ का भ्रमण किया गया | उक्त कार्यक्रम में संस्था के समस्त शिक्षको का विशेष सहयोग रहा |








## विश्व एड्स दिवस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

संस्था में दिनांक 2-12-2023 को राष्ट्रीय एड्स दिवस पर RED RIBBON CLUB की प्रभारी डॉ. मोनिका जैन एवं NSS प्रभारी श्री रोशन कुमार कैवर्त ने भाटापारा ब्लाक के मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माहेश्वर व जिला एड्स नोडल अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी के निर्देशन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया |

भाटापारा (नईदुनिया न्यूज)। विश्व एड्स दिवस जागरूकता अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा माहेश्वर व जिला एड्स नोडल अधिकारी डा. राजेश अवस्थी के निर्देशन में एवं ब्लॉक मेडिकल आफिसर डा. राजेन्द्र माहेश्वरी के मार्गदर्शन में देवरी स्थित पालिटेक्निक कॉलेज में प्राचार्य डा. भारती के सहयोग से राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भाटापारा के एकीकृत परामर्श एवं जांच केन्द्र के फ़रहत मिर्ज़ा ने पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से उपस्थित विद्यार्थियों को एड्स, यौन रोग, एचआइवी संक्रमण से बचने के उपाय, लक्षण, आइसीटीसी एक्ट के विषय में बताया।

एड्स की जानकारी फैलाने में उनकी सामाजिक जिम्मेदारी, आदि पर सरल शब्दों में टू वे (two way) कम्युनिकेशन स्किल का उपयोग करते हुए रोचक ढंग से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम प्रभारी डा. मोनिका जैन मैडम ने स्वागत व धन्यवाद ज्ञापन किया।






# CSVTU जोन-2 के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

संस्था में दिनांक 6/12/23 TechFest ( CSVTU जोन 2 ) के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन समन्वयक श्रीमती आम्रपाली बंसोड एवं श्री नितिन कुमार के द्वारा आयोजित किया गया | इस प्रतियोगिता में जोन 2 के विभिन्न संस्थाओ के प्रतिभागियों ने भाग लिया | प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कोलंबिया कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी ने एवं द्वितीय स्थान शासकीय पॉलिटेनिक भाटापारा ने अर्जित किया |

कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य डॉ आइ सी भारती ने सफल कार्यक्रम की बधाई दी एवं प्रशस्ति पत्र का भी वितरण किया ।






## अतिथि व्याख्यान

संस्था में दिनांक 6-12-23 को प्रथम वर्ष के छात्र/छात्राओं हेतु डॉ.लक्ष्मीकान्त कराल, व्याख्याता (अंग्रेजी) शासकीय पॉलिटेक्निक महासमुंद के व्दारा कम्युनिकेशन स्किल विषय पर व्याख्यान का आयोजन संस्था की श्रीमती आम्रपाली बंसोड,व्याख्याता (अंग्रेजी) द्वारा आयोजित किया गया | उक्त कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं ने Communication एवं presentation से सम्बंधित विशेष जानकारी अर्जित की |





## रोबोटिक्स विषय पर सेमिनार का आयोजन

संस्था में दिनांक 8-12-23 को कलिंगा यूनिवर्सिटी रायपुर द्वारा रोबोटिक्स एवं एरोमोड्ल के विषय में सेमिनार आयोजित किया गया गया | उक्त कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष श्रीमती सुनीता तिवारी एवं मैकेनिकल विभाग से श्री रोशन लाल कैवर्त, श्री सुनील कुमार अनंत, श्री भूपेंद्र पटेल की पंचम सेमेस्टर के मेकेनिकल, सिविलएवं इलेक्ट्रिकल के विद्यार्थी उपस्थित थे |





## Consultancy work

सिविल विभाग द्वारा Consultancy work दिसंबर माह में प्रारंभ किया गया | माह के अंत तक कुल सात ( 7) plate load test किये गए हैं|



## अतिथि व्याख्यान

संस्था में दिनांक 12/12/23 प्रथम वर्ष के छात्र/छात्राओं हेतु डॉ.विकास गुलहरे ,सहायक प्राध्यापक (भौतिकी), शासकीय गजानंद अग्रवाल महाविद्यालय के व्दारा भौतिकी विषय के विभिन्न शाखाओ पर व्याख्यान का आयोजन संस्था की विषय प्रभारी श्रीमती ज्योति सेन (अंशकालीन व्याख्याता) द्वारा आयोजित किया गया | उक्त व्याख्यान में सर के द्वारा विषय के विभिन्न प्रयोग के उपयोगो को विस्तार पूर्वक समझाया गया |



## Artificial respiration

दिनांक 19-12-2023 को इलेक्ट्रिकल विभागाध्यक्ष श्रीमती सुनीता तिवारी के द्वारा अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को Artificial respiration की जानकारी देते हुए प्रदर्शन कराया गया|





## विश्व गणित दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन

संस्था में दिनांक 22/12/23 विश्व गणित दिवस के उपलक्ष्य मे गणित विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं भाषण का आयोजन किया गया | विषय प्रभारी सुश्री दिव्या जोतवानी (अंशकालीन व्याख्याता) ने भारतीय गणितज्ञ श्रीरामानुजन के बारे मे जानकारी दी | प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सिविल विभाग के अक्षय रंगारी ने एवं द्वितीय कुनाल नायक ने अर्जित किया |





# Profile of a teacher



## Dr. Monika Jain

Lecturer (Chemistry)
M.Sc. Chemistry (2013)
National Eligibility Test ( 2014)
Doctor of Philosophy (Ph.D.)(2022)

Teaching Experience- 7 years

**Publications and conferences-**

Research paper- National – 02, International – 04
Conferences- National – 04, International – 01

**Contribution in internal committees-**

- ✓ NSS (National Service Scheme) past seven years.
- ✓ Incharge of A.F. committee
- ✓ Incharge of admission committee
- ✓ Nodal officer of Red Ribbon club

**संपादकीय-**

यह अत्यंत गर्व एवं हर्ष की बात है कि संस्था के न्यूज़लेटर का पिछले एक वर्ष का हमारा प्रयास आप सभी की उम्मीदों पर खरा उतरा, इसी ख़ुशी के साथ हम संस्था के न्यूज़लेटर के द्वितीय वर्ष के चतुर्थ अंक का प्रकाशन कर रहे हैं | संस्था के प्रत्येक विभाग की उपलब्धियों को हमने इस न्यूज़लेटर के माध्यम से आप सभी तक पहुचाने का प्रयास पुरे लगन से किया है |

हमारा यह न्यूज़लेटर, संस्था के सभी व्यक्तियों के उम्मीदों पर खरा उतरने में प्रयासरत है |

## Vision of the Institute

To be a quality technical institute that will transform the Students to be skilled manpower and socially receptive citizens.

**Mission of the Institute –**

- Achieve improved teaching-learning process and industry integrated interactions to meet the need of the engineering Environment.
- Empower the students with knowledge, attitude and skill of employability, entrepreneurship and professionally ethical citizens.

Government Polytechnic Bhatapara, Village Deori Road, Dist- Balodabazar-Bhatapara, 493118 (C.G.)

E-mail- gpbhatapara@gmail.com Website- gpbhatapara.ac.in